प्राचार्य का कार्यालय
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय
मुजफ्फरपुर

आवश्यक सूचना

इस चिकित्सा महाविद्यालय परिसर में अवस्थित सरकारी आवास/छात्रावास में अनाधिकृत रूप से रहने वाले पदाधिकारियों/कर्मचारियों/छात्र–छात्राओं को अंतिम रूप से स्मारित करते हुए सूचित किया जाता है कि आप यथाशीघ्र संबंधित आवास/छात्रावास को खाली कर कॉलेज प्रशासन को सहयोग प्रदान करें ।

विदित हो कि सरकारी निर्देशानुसार 01 जुलाई 2018 से सभी पदाधिकारियों/कर्मचारियों का वेतनादि/अन्य लाभ तथा पी0जी0 छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति/अन्य का भुगतान नये सॉफ्टवेयर CFMS के माध्यम से किया जाना सुनिश्चित है, जिसके पूर्व संबंधित सभी पदाधिकारियों/कर्मचारियों/छात्र–छात्राओं से संबंधित सम्पूर्ण सूचना (आवास/छात्रावास अधिग्रहण सहित) सॉफ्टवेयर पर अपलोड किया जाना है, तत्पश्चात ही CFMS के माध्यम से उनके वेतनादि/छात्रवृत्ति/अन्य का भुगतान हो सकता है ।

उक्त के मद्देनजर उपरोक्त सभी को पुनः सूचित किया जाता है कि यदि कोई पदाधिकारी/कर्मचारी/छात्र–छात्रा इस परिसर में अनाधिकृत रूप से आवास/छात्रावास में रह रहें हैं, तो यथाशीघ्र उसे खाली करते हुए इसकी सूचना अधोहस्ताक्षरी को निश्चित रूप से देंगे अथवा उक्त आवास/छात्रावास को वैध तरीके से अपने नाम पर आवंटित करा कर रहना सुनिश्चित किया जाए । भविष्य में किसी प्रकार के वेतनादि/छात्रवृत्ति/अन्य लाभ अवरूद्ध होने की स्थिति में इसके लिए सम्पूर्ण रूप से आप स्वयं जिम्मेवार होंगे ।

ह0/–
प्राचार्य

ज्ञापांकः– 1276/18 दिनांकः– 19-05-18

प्रतिलिपिः–

1) अधीक्षक, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

2) प्रभारी प्राध्यापक (प्र0)/Estate Officer/पुस्तकालय सचिव/बरसर/ओ0एस0डी0/वार्डेन (छात्र/छात्रा छात्रावास), श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

3) सभी पदाधिकारी (सिनियर रेजिडेंट/जूनियर रेजिडेंट/ईंटर्न/पी0जी0 छात्र सहित)/सभी छात्र/छात्रा, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

4) आई0टी0 सेक्शन, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ प्रेषित ।

5) कॉलेज/अस्पताल/छात्रावास सूचना पट्ट ।

19/5/18
प्राचार्य
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय
मुजफ्फरपुर